चिराग पासवान ने छठव्रतियों में बांटी पूजन सामग्री

हाजीपुर (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ के नहाय-खाय के अवसर पर शहर के सुभाष चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण मे शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने छठ व्रतियों के बीच सूप और पूजा की प्रसाद सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में व्रती, पार्टी कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।



व्रतियों को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हो गई है। छठी मइया से प्रार्थना है कि सभी व्रतियों की मनोकामना पूरी हो। उन्होंने कहा कि मेरे घर की महिलाएं और बहनें लंबे समय से पूरी निष्ठा और श्रद्धा भाव से इस पर्व को मनाती रही हैं और छठी मइया ने उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी की हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की सोच के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरा संकल्प है कि बिहार को एक विकसित राज्य बनाया जाए। हाजीपुर लोकसभा की जिम्मेदारी मेरे पिता स्व. रामविलास पासवान ने निभाई थी, जिन्होंने हाजीपुर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुत्र होने के नाते उनके सपनों का हाजीपुर और आपके सपनों का हाजीपुर बनाना मेरी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और जीवन संवारने का बेहतर अवसर मिले, यही कामना करता हूं। सांसद होने के नाते व्रतियों के व्रत में अपना छोटा सा श्रद्धा भाव सम्मिलित करने आया हूं। आप सब मुझे भी अपनी प्रार्थना में याद रखें और आशीर्वाद दें। इस अवसर पर पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान, एमएलसी अशरफ अंसारी, संतोष शर्मा, गुड्डू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता, छठ व्रती एवं आमजन उपस्थित रहे।

छठ सामग्री वितरण में उमड़ी भीड़, व्यवस्था ध्वस्त

हाजीपुर (आससे)। सुभाष चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय में गुरुवार को आयोजित छठ सामग्री वितरण कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ने से व्यवस्था ध्वस्त हो गई। वितरण शुरू होते ही व्रती और स्थानीय लोग एक साथ टूट पड़े, जिससे आयोजकों के सारे इंतजाम धरे रह गए।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के मंत्री संजय सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम में सूप और पूजा सामग्री वितरित की जानी थी, लेकिन भीड़ के दबाव में सामग्री बिखर गई और अफरा-तफरी मच गई।

घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रबंधन की खामियों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्रतियों की संख्या का पूर्वानुमान नहीं लगाया गया। पुलिस बल और स्वयंसेवकों की पर्याप्त व्यवस्था होती तो आस्था के महापर्व पर इस तरह की अव्यवस्था से बचा जा सकता था।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

भगवानपुर (वैशाली) (आससे)। भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को नहाये-खाये के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ का शुभारंभ हो गया। पूजा अर्चना के लिए समान खरीदने के लिए बाजारों और हाटों में भीड़ लग रही है। बाजार में पर्व का समान केला, नारियल फल ,सेव, संतरा आदि भारी मात्रा में गिराया गया है। नदी तालाब में घाट बनाने में लोग युद्ध स्तर पर लगे हुए है। शनिवार को खरना होगा , रविवार को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा एवं सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पर्व का समापन हो जायेगा।

जीएम ने सोनपुर-हाजीपुर स्टेशन पर किया निरीक्षण, भीड़ प्रबंधन पर जोर

हाजीपुर (आससे)। छठ महापर्व और कार्तिक पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने दीघा ब्रिज हॉल्ट से जयनगर सेक्शन के निरीक्षण के क्रम में सोनपुर और हाजीपुर रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज, प्रतीक्षालय, होल्डिंग एरिया, टिकट काउंटर, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने भीड़ प्रबंधन की तैयारियों को देखा और अधिकारियों से पूछा कि पर्व के दौरान अतिरिक्त भीड़ आने पर क्या व्यवस्था की जाएगी। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के दौरान किसी भी यात्री को असुविधा नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, सुरक्षित यात्रा और त्वरित सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सोनपुर और हाजीपुर में छठ और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल, उद्घोषणा व्यवस्था, पूछताछ केंद्र, हेल्प डेस्क और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान की सूचना समय पर दी जाए, ताकि यात्रियों को भटकना न पड़े। होल्डिंग एरिया में बैठने, पानी और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। सभी निर्देशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन सहित मंडल और मुख्यालय के सभी संबंधित शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

छठ घाटों का पीएचईडी मंत्री ने किया निरीक्षण

महुआ (आससे)। महुआ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत छतवारा घाट, काली घाट, धोबी घाट, कुशवाहा घाट, तरौरा पोखर, बाबा घाट आदि घाटों का यहां पहुंचे पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी सोनू कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव बरनवाल, अंचलाधिकारी मणि कुमार वर्मा, पंचायत राज अधिकारी मुन्ना कुमार, प्रधान लिपिक वीरचंद्र कुमार, सीटी मैनेजर विनय रंजन, मृत्युंजय सिंह, मनोज कुमार साह, सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार,



सफाई पर्यवेक्षक गुड्डू राय, सुरज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने घाटों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। घाटों के निरीक्षण को लेकर अंचलाधिकारी मणि कुमार वर्मा ने बताया कि प्रत्येक घाटों पर गोताखोर और आपदा मित्र को प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं लगभग प्रत्येक घाटों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, जिसका कंट्रोल रूम प्रत्येक घाटों पर बनाया गया है। इससे सुरक्षा व्यवस्था और भी मजबूत होगी और किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।कार्यपालक पदाधिकारी सोनू कुमार राय ने बताया कि यहां प्रत्येक घाटों पर रोशनी एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जा रही है। व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। मंत्री संजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व में व्रतियों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। सभी घाटों पर समय पर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि छठ बिहार का सबसे बड़ा लोक आस्था का पर्व है, इसलिए इसकी तैयारी में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

शराब तस्करी की करतूत टेंपो जलकर राख

हाजीपुर (आससे)। कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल पर शुक्रवार को एक सीएनजी टेंपो में अचानक आग लग गई। पाया नंबर तीन और चार के बीच टेंपो धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें और काले धुएं का गुब्बार दूर से दिखाई दे रहा था। पुल पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। टेंपो में आग लगते ही चालक ने कूदकर जान बचाई। सूचना पर रुस्तमपुर थाना पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक टेंपो पूरी तरह राख हो चुका था। पुलिस जांच में शराब तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में पता चला कि तस्कर टेंपो के इंजन के पास शराब की बोतलें छिपाकर राघोपुर से पटना की ओर जा रहा था। इंजन हीट होने से शराब में आग पकड़ ली और देखते ही देखते टेंपो जल उठा। रुस्तमपुर थानाध्यक्ष कुमार अभिषेक ने बताया कि टेंपो को जब्त कर थाने लाया गया है। चालक, मालिक और तस्कर की तलाश की जा रही है। सभी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, नन्ही पाण्डेय, पति-विनय कुमार, निवासी ग्राम डोमन डिहरा, पो.-खननी कलां, थाना-अगिआंव बाजार, जिला-भोजपुर-802301 बिहार शपथ पत्र सं.-10244 दि. 30.10.26 द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम नन्ही पाण्डेय है। एल.आई.सी. पॉलिसी सं.-516956159 में मेरा नाम अंजना कुमारी दर्ज हो गया है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मैं स्वयं हूं। मैं दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं।
9/482/26

AFFIDAVIT

I, Suraj Kumar, S/o Ram Prasad, R/o Bhinakka Chauraha, Diwan Mohalla Gurahatta, Patnacity, Distt.-Patna-800008 vide affidavit No.-10593 date 29-9-26 that Suraj Kumar, S/o Ram Prasad and Sunil Kumar S/o Ram Prasad Thakur is the name of one and same person. My LIC Policy No.-517679621

Affidavit

I, KRISH alias KRISH KUMAR S/o RANJIT KUMAR, R/o Village-Akbarbigha, Post-Ramjanpur, VTC: Barbigha, PO: Barbigha, District: Sheikhpura, State: Bihar, Pin Code : 811101, have changed my name and shall hereafter be known as KRISH KUMAR.

NAME CHANGE

I, RAJENDRA ROY, S/o–RAM AKBAL ROY, R/o – Near Shiv Mandir, Doghra, Bihta, Patna, Bihar - 801112. Do hereby solemnly affirm and declare that in my wife's (RAM JANMI DEVI) Aadhar card my name is mentioned as RAJENDRA RAY. But, in my Aadhar and in my PAN card my name is mentioned as RAJENDRA ROY. Here, both the names belong to the names of the same person. And, from now in my future I will be known as RAJENDRA ROY for all my legal purposes. Affidavit no. - 5698 Date: - 13/10/2026.

NAME CHANGE

I, RAM JANMI DEVI, W/o – RAJENDRA ROY, R/o – Near Shiv Mandir, Doghra, Bihta, Patna, Bihar – 801112, Do hereby solemnly affirm and declare that in my Aadhar card my name is mentioned as RAM JANAM DEVI. But, in my voter ID card as well as in my husband's PPO my name is mentioned as RAM JANMI DEVI. Here, both the names belong to the names of the same person. And, from now in my future I will be known as RAM JANMI DEVI for all my legal purposes. Affidavit no. – 5699 Date: - 13/10/2026.

शपथ पत्र

मैं, पंकज एम मित्तल, पिता-स्व. मदन लाल, निवासी मोहल्ला-फ्लैट नं.-608, ब्लॉक ए, वंशल टावर, आर.के. भट्टाचार्या रोड, पो.-जी.पी.ओ., थाना-गांधी मैदान, पटना बिहार-800001 शपथ पत्र सं. 1515 दि. 27.08.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि पूर्व से मेरा नाम पंकज कुमार (Pankaj Kumar) है। आधारकार्ड सं. 591252114374 में पंकज एम मित्तल (Pankaj M Mittal) है, जो सही है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है तथा दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं। भविष्य में मैं पंकज एम मित्तल (Pankaj M Mittal) के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

नाम परिवर्तन

मैं, लीलू मिस्त्री, पिता-मुखदेव मिस्त्री, निवास-सिमली मुरादपुर कोठिया, थाना-दीदारगंज, जिला-पटना। शपथ पत्र सं. -9821 ता. 29.8.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि लीलू मिस्त्री एवं निलू विश्वकर्मा दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, मैं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरा एलआईसी पॉलिसी सं.-514492218 है।

शपथ पत्र

मैं प्रियानन्दन साह पिता— सीता राम साह, उम्र करीब 43 वर्ष, ग्राम-पो. तरियामा, थाना—बख्तियारपुर, जिला-सहरसा का स्थायी निवासी हूँ। यह कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा चौड़ीडांड़ के मेरे बचत खाता सं.- 3077 2408280 में मेरा नाम अंग्रेजी में PRIYANANDAN KUMAR एवं मेरा आधार कार्ड सं. 4985 1697 8760 में मेरा नाम प्रियानन्दन साह अंग्रेजी में PRIYANANDAN SAH दर्ज है। यह कि PRIYANANDAN KUMAR एवं PRIYANANDAN SAH दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मैं ही हूँ। सभी अभिलेख में मेरा नाम PRIYANANDAN SAH के नाम से सूचीबद्ध होगा, वो जाना जायेगा। शपथ पत्र स. 17407। दि. 12.11.2026

नाम परिवर्तन

मैं, विनोद कुमार जयसवाल, पिता- रामचन्द्र प्रसाद जायसवाल, पता - लल्लू बाबु का कुचा, थाना- चौक, पो. बेगमपुर, जिला- पटना, शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि परी जायसवाल मेरी पुत्री है, तथा इसी नाम से आधार कार्ड निर्गत है । मैं अब मेरी पुत्री का नाम नव्या जायसवाल रखना चाहता हूँ। चूँकि यही नाम मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। अत: मेरी पुत्री अब भविष्य में सभी कार्यों हेतु नव्या जायसवाल के नाम से जानी एवं पहचानी जायेगी। शपथ-पत्र संख्या- 4673 दिनांक 03/11/2026

शपथ पत्र

मैं धोलिया देवी पति राजकुमार सिंह निवासी ग्राम रुपौली वार्ड नंबर 8, थाना बथनाहा, जिला सीतामढ़ी का निवासी हूं। मेरा आधार संख्या 7640 3251 1302 है। मेरा सही नाम धोलिया देवी है और इसी नाम से मेरा आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक भी है। उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा रुपौली में खाता नंबर 1001781030047235 में सिकलिया देवी पति राजकुमार सिंह के नाम से दर्ज है जो गलत है। मेरा सही नाम धोलिया देवी है। शपथपत्र संख्या 81142/26 है।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

पूर्वोत्तर रेलवे

सूचना संख्या 208/2026

त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ से बचने के लिए **विशेष गाड़ियाँ** का संचलन निम्नवत् किया जाएगा।

05083/05084 छपरा जं.-लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-छपरा जं. विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 05083 छपरा जं. से दिनांक 16.11.2026 एवं 21.11.2026 (सोमवार, शनिवार) को **(02 फेरे)** और **गाड़ी सं. 05084 लोकमान्य तिलक(टर्मि.) से** दिनांक 18.11.2026 एवं 23.11.2026 (बुधवार, सोमवार) को **(02 फेरे)**

गाड़ी सं. 05083 छपरा जं.–लोकमान्य तिलक(टर्मि.)		↓ स्टेशन ↑	गाड़ी सं. 05084 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–छपरा जं.–	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	20:00	छपरा जं.	05:45	---
21:00	21:02	मशरख जं.	04:32	04:34
21:22	21:24	दिघवा दुबौली	04:10	04:12
22:08	22:10	गोपालगंज	03:20	03:22
22:25	23:00	थावे जं.	02:35	03:10
23:38	23:40	तमकुही रोड	01:50	01:52
00:20	00:22	पडरौना	01:10	01:12
00:42	00:44	रामकोला	00:38	00:40
01:10	01:15	कप्तानगंज जं.	00:05	00:10
01:31	01:33	पिपराइच	23:48	23:50
02:25	02:35	गोरखपुर जं.	22:45	22:55
03:35	03:37	बस्ती	21:33	21:35
04:55	05:00	गोंडा जं.	20:20	20:25
07:25	07:30	गोमती नगर	17:45	17:50
08:40	08:50	ऐशबाग	16:35	16:45
10:45	10:55	कानपुर सेंट्रल	14:55	15:05
16:10	16:20	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.	10:45	10:55
19:30	19:35	बीना जं.	08:40	08:45
22:20	22:25	रानी कमलापति	06:35	06:40
00:02	00:12	इटारसी जं.	04:15	04:25
02:40	02:42	खंडवा जं.	01:35	01:40
04:40	04:50	भुसावल जं.	22:45	22:55
08:13	08:15	नासिक रोड	18:40	18:42
09:25	09:35	इगतपुरी	18:00	18:10
11:05	11:08	कल्याण जं.	15:42	15:45
12:00	---	लोकमान्य तिलक (टर्मि.)	---	15:00

रेक संरचनाः शयनयान श्रेणी–16, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी–02, लगेज–सह–पावर कार–02,= **(कुल 22 कोच)**

05071/05072 छपरा जं.-दिल्ली जं.-छपरा जं. विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 05071 छपरा जं. से दिनांक 17.11.2026 (मंगलवार) को **(01 फेरा)** और **गाड़ी सं. 05072 दिल्ली जं. से** दिनांक 18.11.2026 (बुधवार) को **(01 फेरा)**

गाड़ी सं. 05071 छपरा जं.–दिल्ली जं.		↓ स्टेशन ↑	गाड़ी सं. 05072 दिल्ली जं.–छपरा जं.	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	20:05	छपरा जं.	17:00	---
21:00	21:02	मशरख जं.	15:50	15:52
21:22	21:24	दिघवा दुबौली	15:28	15:30
22:00	22:02	गोपालगंज	14:40	14:42
22:15	22:45	थावे जं.	13:55	14:25
23:23	23:25	तमकुही रोड	13:15	13:17
23:59	00:04	पडरौना	12:29	12:34
00:16	00:18	रामकोला	12:10	12:12
00:45	00:50	कप्तानगंज जं.	11:40	11:45
01:08	01:10	पिपराइच	11:20	11:22
02:10	02:20	गोरखपुर जं.	10:20	10:30
03:03	03:05	खलीलाबाद	09:38	09:40
03:31	03:33	बस्ती	09:06	09:08
05:00	05:05	गोंडा जं.	07:40	07:45
06:20	06:22	बुढ़वल जं.	06:30	06:32
08:10	08:20	सीतापुर जं.	04:40	04:50
10:05	10:07	शाहजहांपुर	02:35	02:37
11:08	11:10	बरेली जं.	01:38	01:40
12:45	12:55	मुरादाबाद जं.	00:16	00:26
16:08	16:10	गाजियाबाद जं.	21:18	21:20
17:15	—	दिल्ली जं.	---	20:10

रेक संरचनाः साधारण द्वितीय श्रेणी–04, शयनयान श्रेणी–05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी–02, वातानुकूलित प्रथम–सह–द्वितीय श्रेणी–01, लगेज–सह–पावर कार–01, एलएसएलआरडी–01 = **(कुल 22 कोच)**

05073/05074 छपरा जं.-नई दिल्ली-छपरा जं. विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 05073 छपरा जं. से दिनांक 18.11.2026 (बुधवार) को **(01 फेरा)** और **गाड़ी सं. 05074 नई दिल्ली से** दिनांक 19.11.2026 (बृहस्पतिवार) को **(01 फेरा)**

गाड़ी सं. 05073 छपरा जं.–नई दिल्ली		↓ स्टेशन ↑	गाड़ी सं. 05074 नई दिल्ली–छपरा जं.	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	23:05	छपरा जं.	20:00	--
00:01	00:03	मशरख जं.	18:50	18:52
00:22	00:24	दिघवा दुबौली	18:28	18:30
01:00	01:02	गोपालगंज	17:42	17:44
01:15	01:45	थावे जं.	16:55	17:25
02:23	02:25	तमकुही रोड	16:15	16:17
03:00	03:05	पडरौना	15:29	15:34
03:18	03:20	रामकोला	15:10	15:12
03:45	03:50	कप्तानगंज जं.	14:40	14:45
04:08	04:10	पिपराइच	14:20	14:22
05:10	05:20	गोरखपुर जं.	13:20	13:30
06:03	06:05	खलीलाबाद	12:38	12:40
06:31	06:33	बस्ती	12:06	12:08
08:00	08:05	गोंडा जं.	10:40	10:45
09:20	09:22	बुढ़वल जं.	09:30	09:32
11:10	11:20	सीतापुर जं.	07:40	07:50
13:05	13:07	शाहजहांपुर	05:35	05:37
14:08	14:10	बरेली जं.	04:38	04:40
15:45	15:55	मुरादाबाद जं.	03:16	03:26
19:08	19:10	गाजियाबाद जं.	00:18	00:20
20:15	---	नई दिल्ली	—	23:10

रेक संरचनाः वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी–08, शयनयान श्रेणी–08,साधारण द्वितीय श्रेणी / द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान–02, लगेज–सह–पावर कार–01, एलएसएलआरडी–01 = **(कुल 20 कोच)**

मुजाधि / टी–88 **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक / गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें

Chola Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

कॉरपोरेट ऑफिस : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 छत सी55 4 थिरु वि का एण्डस्ट्रियल इस्टेट, गुइन्डी, चेन्नई-600032 तामिलनाडु

मांग सूचना

सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (दि ॲक्ट) एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (दि रुल्स) की वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रावधानों के अधीन अधोहस्ताक्षरकर्ता चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एवं फायनेंस कम्पनी (निरापद) लेनदार का अधिनियम ते अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी होने के कारण एवं अनुभाग 13 (12) सहपाठित नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम के अनुभाग 13 (2) के अधीन, निम्नलिखित ऋणी (ऋणियों) को इस सूचना की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर क्रमशः सूचना (सूचनाओं) में वर्णित राशि के पुनर्भुगतान हेतु 3 मांग सूचना (सूचनाएं) जारी की गई थी। अधोहस्ताक्षरकर्ता तर्कसंगत रुप से विश्वास करता है कि ऋणी (ऋणियों) मांग सूचना / सूचनाओं की सेवा को डाला हैं। इसलिए सूचना की सेवा को प्रत्ययोजना एवं नियमानुसार प्रकाशित द्वारा प्रभावित किया गया है। मांग सूचना सूचनाओं की अंतर्वस्तु को यहां नीचे अवतरित किया जाता है।

अ. क्र.	ऋणी / ऋणियों एवं सहऋणी / ऋणियों का नाम एवं पता	ऋण राशि	मांग सूचना दिनांक एवं बकाया राशि	निरापद सम्पत्ति / परिसम्पत्ति का विवरण
1	ऋण खाता संख्या : LAP3DAR000092262 **1. श्री. / श्रीमती सुधीर कुमार** **2. श्री. / श्रीमती रजनी कुमारी** **अनु. क्र. 1 और 2 के लिये पता :** पुत्र नागेंद्र भगत, हरसिंगपुर, मानिक चौक, सीतामढ़ी, माध्यमिक विद्यालय, सीतामढ़ी, बिहार-843 323। **अनु. क्र. 1 और 2 के लिये पता :** खाता संख्या 04, मौजा : नानपुर थाना, नानपुर थाना संख्या 191, अंचल : नानपुर उप-पंजिकरण पुपरी, माध्यमिक विद्यालय के पास, खेसरा संख्या 7377, सीतामढ़ी, बिहार-843 333।	रु. 15,00,000/-	**31.10.2026** रु. **20,37,443/-** **(रु. बीस लाख सैंतीस हज़ार चार सौ तैंतालीस मात्र)** दि. **31.10.2026** तक	➢ **दस्तावेज़ के अनुसार पता -** खाता संख्या : 4, खेसरा संख्या : 7377 मौजा : नानपुर, थाना : नानपुर, थाना संख्या : 191, अंचल : नानपुर, उप-पंजिकरण : पुपरी, जिला : सीतामढ़ी, राज्य : बिहार-843 333। ➢ **वास्तविकता के आधार पर पता -** खाता संख्या : 4, खेसरा संख्या : 7377 मौजा : नानपुर, वार्ड क्र. 11, माध्यमिक विद्यालय के पास, थाना : नानपुर, थाना क्र. 191, अंचल : नानपुर, उप-पंजिकरण : पुपरी, जिला : सीतामढ़ी, राज्य : बिहार-843 333। ➢ **वास्तविक के आधार पर -** • **पूर्व** : १२' पीसीसी रोड; • **पश्चिम** : नीज (सुधीर कुमार); • **उत्तर** : किशोर महतो; • **दक्षिण** : रामप्रताप महतो। ➢ **विलेख के अनुसार -** • **पूर्व** : पक्की रोड; • **पश्चिम** : सुधीर कुमार; • **उत्तर** : किशोर महतो; • **दक्षिण** : रामप्रताप महतो।

ऋणी ऋणियों को ऐतद्व द्वारा मांग सूचना (सूचनाओं की पालना की सलाह दी जाती एवं इस प्रकाशन की दिनांक से 60 दिनों के भीतर मय लागू व्याज, अतिरिक्त ब्याज, वापस किए प्रभारों, लागत एवं भुगतान की वसुली की दिनांक तक समस्त व्ययों जो यहां उपरोक्त वर्णित मांगी गई राशि का भुगतान देवें। ऋणी (ऋणियों) यह नोट कर लेवें कि **चोलामंडलम् इन्व्हेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड** एक निरापद लेनेदार है एवं ऋणी (ऋणियों द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा ऋणी (ऋणियों द्वारा रखी गई अचल सम्पत्ति / परिसम्पत्तियां हैं जो निरापद सम्पत्ति (सम्पत्तियों के विरुद्ध दिया गया निरापद कर्ज है। प्राणी ऋणियों) निर्धारित समय के भीतर पूर्ण रुपेण उनके दायित्वों देनेदारियों का निर्वहन के विफल होने की स्थिति में निरापद लेनदार निरापद सम्पत्ति (सम्पत्तियों) सहित परंतु अधिनियम एवं इसके अन्तर्गत नियमों एवं भुगतान की वसुली के अधीन इसकी बिक्री द्वारा हस्तांतरित में सीमित या अन्य कोई उपलब्ध निदान प्रेरक द्वारा अधिनियम के अनुसार 13 (4) के अधीन प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग में लाने जाने का सर्वाधिक सुरक्षित है। निरापद लेन बिक्री के अधिकार को लागू करने या निरापद (सम्पत्तियों के स्थानांतरण आगामी बिक्री करने के पूर्व **संलग्न एवं / या सील** करने का भी शक्ति प्राप्त है। निरापद लेनदार शेष राशि की वसुली में कानूनी कार्यवाह प्रारंभ करने का भी अधिकार है, यदि निरापद लेनेदार में बकाया देय की वसुली में सम्पत्ति अपर्याप्त पाई जाती है। इस निदान के अतिरिक्त एवं अन्य कोई कानून के अधीन निरापद लेनदार कार्यवाही के लिए स्वतंत्र है।

ऋणी (ऋणियों) का ध्यान, अधिनियम के अनुभाग 13 (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि वे उपलब्ध समय के निरापद सम्पत्तियों को छुड़वा लेवें एवं द्वारा स्थानान्तरित किये जाने, पट्टे पर देना या अन्यथा (व्यवसाय के अन्य कोई साधारण अवस्था में) बगैर पूर्व लिखित सूचना एवं गैर अनुपालन नहीं करे, यदि ऐसा किया जाता है तो उपर्युक्त अधिनियम के अनुभाग 29 के अधीन एक दंडनीय अपराध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास मांग सूचना की प्रतिलिपि है एवं ऋणी (ऋणियों) यदि वे चाहे ते कार्यालय ते नियत समय एवं कार्यदिवस में इस सूचना की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ताक्षर

स्थान : सीतामढ़ी, बिहार — प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक : 31.10.2026 — कृते **चोलामंडलम् इन्व्हेस्टमेंट एवं फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing
Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस :ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1832 **दिनांक:-** 03/11/2026

संदर्भ:

1.कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित ***(53)*** कम्पनियों का नाम **बिहार** राज्य से हटाने के मामले में:

S.NO	Work Item	CIN	Company Name Hindi
1	AC7231293	U45309BR2017PTC034938	जेडएस होम्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5692691	U70200BR2008PTC013758	कहुआ होम्स प्राइवेट लिमिटेड
3	AC7230196	U80901BR2018PTC038775	आरएसएसएच एजुकेशनल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
4	AC6819463	U52609BR2022OPC059275	भदानी एंटरप्राइजेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
5	AC6419333	U70109BR2022PTC056178	कठा1 प्रॉपर्टी प्राइवेट लिमिटेड
6	AC6182718	U45500BR2018PTC037895	धुनी नेस्ट बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड
7	AC6119538	U01100BR2017PTC034496	अफार्भ राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड
8	AC6096115	U18100BR2015PTC024029	पारस लैंडक्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
9	AC6066951	U70200BR2021PTC052370	सत्यार्थीवैली इंफ्रा होम्स प्राइवेट लिमिटेड
10	AC6052269	U72900BR2020PTC048334	मिराग एआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
11	AC6051753	U45309BR2022PTC057886	इरेक्टेक इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड
12	AC6061606	U70200BR2024PTC068380	जेनिथ अर्थवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड
13	AC6051052	U63030BR2019PTC043120	अवंतिका संदेश प्राइवेट लिमिटेड
14	AC6059525	U24240BR2020PTC046793	सीआर होम केयर प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5979946	U85100BR2016PTC026125	वत्श मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड
16	AC6072808	U51909BR2022PTC055994	यूटीआर आयुषवेदा लाइफ प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5840204	U47213BR2024PTC067580	ओवल एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड
18	AC6819031	U47721BR2023PTC064433	अरनिमा लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड
19	AC6107252	U80100BR2025PTC080086	शील्डनोवा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड
20	AC6188437	U34100BR2016PTC025643	इलेक्ट्रोड्राइव टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
21	AC6067186	U45400BR2018PTC040339	योरहोम इन्फ्रावेल एंड डेवलप प्राइवेट लिमिटेड
22	AC6050154	U52590BR2021PTC050390	स्कूलोडील प्राइवेट लिमिटेड
23	AC6055417	U72300BR2016PTC026157	मौर्य विजन इन्फो वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड
24	AC6039327	U47720BR2024PTC071534	एफिका फार्मा प्राइवेट लिमिटेड
25	AC6057360	U43299BR2023PTC065199	ट्रेडकार्ट इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड
26	AC6019387	U85100BR2018PTC038712	टार्टस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
27	AC6051558	U66190BR2023PTC062134	कोरस क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
28	AC6047180	U74999BR2019PTC041418	राज एंड कांत कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
29	AC5731552	U28999BR2019PTC044032	एक्टएमटी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड
30	AC5814572	U63040BR2022PTC058186	स्वदेश हॉलिडेज प्राइवेट लिमिटेड
31	AC5829822	U93090BR2017PTC035872	तारणी फूड प्राइवेट लिमिटेड
32	AC6116107	U15490BR2021PTC055181	काव्स बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड
33	AC6095649	U74999BR2018PTC039536	इलेक्ट्रोअल्फा फैसिलिटीज मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड
34	AC6091625	U70200BR2023PTC063898	मालोगन कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
35	AC6100930	U85499BR2023PTC066790	एटिमोलॉजी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड
36	AC6053939	U68200BR2024PTC067975	केश रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड
37	AC6093785	U15549BR2020PTC048767	स्क्रैन हार्वेस्ट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड
38	AC6035850	U85500BR2025PTC079816	टेस्टडोना एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड
39	AC6083868	U33119BR2021PTC050430	अस्विन टेक बायोर्डेट प्राइवेट लिमिटेड
40	AC6038901	U45400BR2021PTC053110	गणेशगिरजा एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड
41	AC5962638	U62010BR2026PTC082061	पॉलिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
42	AC5909044	U86900BR2024OPC069198	नफीमेडी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
43	AC5738928	U47211BR2023PTC065719	शिवांश एंड शरांश निरंजन सिंह रिटेल प्राइवेट लिमिटेड
44	AC5563057	U15490BR2018PTC039023	क्रियुश मार्ट प्राइवेट लिमिटेड
45	AC5630080	U74999BR2018PTC038471	मज़ांटा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
46	AC5987381	U68200BR2023PTC066357	लंगहौरा रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड
47	AC5698560	U45500BR2019PTC044536	विश्वारूपम इन्फ्राकॉन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
48	AC5640997	U10710BR2024PTC069946	विएटा फार्म प्राइवेट लिमिटेड
49	AC6095011	U46909BR2023PTC065013	सोमनाथ स्टोन्स प्राइवेट लिमिटेड
50	AC6093694	U68100BR2024PTC067655	सनबसंत इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड
51	AC6095621	U62013BR2023PTC066026	आइडा पेमेंट24 प्राइवेट लिमिटेड
52	AC5990352	U85499BR2024PTC069925	मेधाविज़ इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड
53	AC5823525	U45309BR2019PTC044056	आर्केल्ट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षो से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC07123/11/0759/2627